चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 16.4.2021....पृष्ठ संख्या....2....कॉलम....1-4....

# फुटबॉल: विवेकानंद हाउस टीम विनर

सिटी रिपोर्टर • ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए इनथ्यूज़िया वार्षिक इंटर स्कूल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें कई टीमों ने भागीदारी की। फुटबॉल स्पर्धा में ओएसजीयू के विवेकानंद हाउस विनर रहा।

इस अवसर पर एचएयू वीसी डॉ. समर सिंह मुख्यातिथि जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह सिहाग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. समर सिंह ने कहा कि यह विवि विद्यार्थियों के विकास के लिए सतत् रूप से प्रयत्नशील है। एचएयू एवं ओएसजीयू मिलकर विद्यार्थियों के हित के लिए संयुक्त रूप से कई योजनाओं पर कार्य करेंगे। चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा ओएसजीयू विद्यार्थियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति विद्यार्थियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में खेल प्रतियोगिताओं में टीमों ने लिया हिस्सा



एचएयू के वीसी को सम्मानित करते ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत।

### डीन डॉ. एनपी गिरी ने खेल स्पर्धाओं के बारे में बताया

इस दौरान ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल, वाइस चांसलर प्रो. एन. पी. कौशिक, प्रो वाइस चांसलर प्रो. अजय पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। डीन डॉ. एनपी गिरी ने खेल स्पर्धाओं पर प्रकाश डाला।

### जानिए... यह रहे खेल स्पर्धाओं के परिणाम

- फुटबॉल स्पर्धा में ओएसजीयू का विवेकानंद हाउस प्रथम एवं दयानंद हाउस द्वितीय रहा।
- बास्केटबॉल स्पर्धा में टैगोर हाउस विजेता एवं भगत सिंह हाउस उप विजेता रहा।
- योगा प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने बाजी मारी और टैगोर हाउस दूसरे स्थान पर रहा।
- टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष) में टैगोर हाउस का अंबुज प्रथम एवं दयानंद हाउस का हेमंत द्वितीय रहा।
- टेबल टेनिस (महिला) में टैगोर हाउस की इशिका प्रथम एवं दयानंद हाउस की कनिका द्वितीय रही।
- 100 मीटर दौड़ (पुरुष) में टैगोर हाउस का सूर्या प्रथम, दयानंद हाउस का अमन यादव द्वितीय एवं भगत सिंह हाउस का सुमित तृतीय स्थान पर रहा।
- 100 मीटर दौड़ (महिला) में भगत सिंह हाउस की प्रीति प्रथम, दयानंद हाउस की नैना द्वितीय एवं टैगोर हाउस की प्रीति पहल तृतीय स्थान पर रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........

दिनांक ..16.4.2021.... पृष्ठ संख्या.......2........ कॉलम.......3-4.......

# 'इनथ्यूजिया' खेल स्पर्धा : पहले दिन हुए कई खेल मुकाबले'



*खेल टूर्नामेंट के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते ओ.एस.जी.यू. के अधिकारीगण।*

हिसार, 15 अप्रैल (पंकेस): ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए 'इनथ्यूजिया' वार्षिक इंटर स्कूल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट शुरू हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. समर सिंह मुख्यातिथि, जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह सिहाग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

इस दौरान ओ.एस.जी.यू. के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल, वाइस चांसलर प्रो. एन. पी. कौशिक, प्रो वाइस चांसलर प्रो. अजय पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। 'इनथ्यूजिया' का शुभारंभ करने के बाद मुख्यातिथि ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के विकास के लिए सतत् रूप से प्रयत्नशील है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एच.ए.यू. एवं ओ.एस.जी.यू. मिलकर विद्यार्थियों के हित के लिए संयुक्त रूप से कई योजनाओं पर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति विद्यार्थियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के बाद पहले दिन फुटबॉल स्पर्धा में ओ.एस.जी.यू. का विवेकानंद हाऊस प्रथम एवं दयानंद हाऊस द्वितीय रहा।

बास्केटबॉल स्पर्धा में टैगोर हाऊस विजेता एवं भगत सिंह हाऊस उप विजेता रहा। योगा प्रतियोगिता में भगत सिंह हाऊस ने बाजी मारी, जबकि टैगोर हाऊस को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। टेबल टैनिस प्रतियोगिता (पुरुष) में टैगोर हाऊस का अंबुज प्रथम एवं दयानंद हाऊस का हेमंत द्वितीय रहा। टेबल टैनिस (महिला) में टैगोर हाऊस की इशिका प्रथम एवं दयानंद हाऊस की कनिका द्वितीय रही। 100 मीटर दौड़ (पुरुष) में टैगोर हाऊस का सूर्या प्रथम, दयानंद हाऊस का अमन यादव द्वितीय एवं भगत सिंह हाऊस का सुमित तृतीय स्थान पर रहा। 100 मीटर दौड़ (महिला) में भगत सिंह हाऊस की प्रीति प्रथम, दयानंद हाऊस की नैना द्वितीय एवं टैगोर हाऊस की प्रीति पहल तृतीय स्थान पर रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 16.4.2021.....पृष्ठ संख्या.....2.........कॉलम....5.6..........

# एचएयू और कृषि विभाग मिलकर कपास की बिजाई के लिए किसानों को करेंगे जागरूक

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग संयुक्त रूप से किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा। वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया है। इसके लिए प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा। एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच करने से पता चला कि जिन किसानों ने विवि के वैज्ञानिकों द्वारा बताई सिफारिशों के अनुसार फसलों की बिजाई की थी, उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक .16.4.2021.... पृष्ठ संख्या ....4.... कॉलम ....3-5....

# एचएयू और कृषि विभाग मिलकर कपास की बिजाई के लिए किसानों को करेंगे जागरूक

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह संग हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में गहन मंथन के बाद अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था।

## 'विवि की सिफारिशों अनुसार करें बिजाई'

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए विवि के वैज्ञानिक ब्लॉक वाइज क्षेत्र में खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे।

## वैज्ञानिकों की टीम गठित जल्द शुरू करेंगे काम

अभियान को सफल बनाने के लिए वैज्ञानिकों की टीम गठित कर दी गई है। टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और निदान की संभावनाएं तलाशेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......

दिनांक 16.5.2021......पृष्ठ संख्या......1......कॉलम......1......

### कपास किसानों के लिए अभियान चलाएगा हकृवि

हिसार। हकृवि के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण/विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गय। अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक 16.4.2021....पृष्ठ संख्या....3....कॉलम....7-8....

# 'एच.ए.यू. व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेंगे जागरूक'

## वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

हिसार, 15 अप्रैल (पंकेस): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी।

यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा।

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इसमें आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है।

इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और इनके निदान की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके अलावा किसानों के खेतों में 5 या इससे अधिक स्थानों पर जहां हल्की मिट्टी है, प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 15.04.2021 | -- | -- |



## प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को जागरूक करेगा हकृवि

**हिसार.** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वयं जिले के ब्लॉक वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे। इसके अलावा खंड कृषि अधिकारियों एवं किसानों को इस बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें कपास की फसल को लेकर विभिन्न कीटनाशकों के प्रयोग एवं बीमारियों की पहचान कर समय पर उनके उपचार की जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और इनके निदान की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके अलावा किसानों के खेतों में पांच या इससे अधिक स्थानों पर जहां हल्की मिट्टी है, प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी दिल्ली | **16.04.2021** | -- | -- |

ri.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI

# एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

- एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स



**हिसार,** राज पराशर (पंजाब केसरी) : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा।

**विश्वविद्यालय की सिफारिशों अनुसार करें बिजाई एवं देखभाल : प्रो. समर सिंह:**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वयं जिले के ब्लॉक वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे। इसके अलावा खंड कृषि अधिकारियों एवं किसानों को इस बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें कपास की फसल को लेकर विभिन्न कीटनाशकों के प्रयोग एवं बीमारियों की पहचान कर समय पर उनके उपचार की जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | 16.04.2021 | -- | -- |

# एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

पल पल न्यूजः हिसार, 15 अप्रैल। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की

कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वयं जिले के ब्लॉक वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे। इसके अलावा खंड कृषि अधिकारियों एवं किसानों को इस बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें कपास की फसल को लेकर विभिन्न बीमारियों के प्रकोप एवं

उनके उपचार की जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और इनके निदान की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके अलावा किसानों के खेतों में पांच या इससे अधिक स्थानों पर जहां हल्की मिट्टी है, प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जीवन आधार न्यूज | 16.04.2021 | -- | -- |

जीवन आधार

# एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

**हिसार,**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई ...नों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार न्यूज | **16.04.2021** | -- | -- |

# एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

हैलो हिसार न्यूज

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे.पी. दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा।





### विश्वविद्यालय की सिफारिशों अनुसार करें बिजाई एवं देखभाल : प्रोफेसर समर सिंह

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वयं जिले के ब्लॉक वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे। इसके अलावा खंड कृषि अधिकारियों एवं किसानों को इस बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, विश्वविद्यालय के अनुसंधान

### एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | **15.04.2021** | -- | -- |

### सार समाचार

## एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

**पल पल न्यूज: हिसार, 15 अप्रैल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वयं जिले के ब्लॉक वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे। इसके अलावा खंड कृषि अधिकारियों एवं किसानों को इस बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें कपास की फसल को लेकर विभिन्न कीटनाशकों के प्रयोग एवं बीमारियों की पहचान कर समय पर उनके उपचार की जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और इनके निदान की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके अलावा किसानों के खेतों में पांच या इससे अधिक स्थानों पर जहां हल्की मिट्टी है, प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 15.04.2021 | -- | -- |

# एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

## एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों को जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वयं जिले के ब्लॉक



### प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को करेंगे जागरूक : डॉ. सांगवान



कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और इनके निदान की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके अलावा किसानों के खेतों में पांच या इससे अधिक स्थानों पर जहां हल्की मिट्टी है, प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।

वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे।

### टीम गठित की : डॉ. सहरावत

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है।

इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी प्लस न्यूज | 15.04.2021 | -- | -- |

# एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

## एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

सिटी प्लस न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिक एवं हरियाणा सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा।

### विश्वविद्यालय की सिफारिशों अनुसार करें बिजाई एवं देखभालः प्रो. समर सिंह

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियोंका असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक स्वय जिले के ब्लॉक वाइज क्षेत्र में किसानों के खेतों में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को डेमो देंगे। इसके अलावा खंड कृषि अधिकारियों एवं किसानों को इस बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें कपास की फसल को लेकर विभिन्न कीटनाशकों के प्रयोग एवं बीमारियों की पहचान कर समय पर उनके उपचार की जानकारी दी जाएगी।

### वैज्ञानिकों की टीम गठित, जल्द शुरू करेंगे काम

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर दी गई है। इस टीम में आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से सहायक वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर, सहायक सस्य विज्ञानी डॉ. करमल सिंह, प्लांट पैथोलोजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह, कीट विज्ञानी डॉ. अनिल को शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में एक मृदा वैज्ञानिक और प्लांट पैथोलोजिस्ट भी शामिल होंगे, जो मिट्टी की जांच आदि की जानकारी देंगे। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने बताया कि कपास अनुभाग के वैज्ञानिक लगातार कपास फसल में पैराविल्ट, पोषक तत्वों की कमी, सूखे के कारण कपास फसल के सूखने के कारणों का पता लगाएंगे और इनके निदान की संभावनाएं तलाशेंगे। इसके अलावा किसानों के खेतों में पांच या इससे अधिक स्थानों पर जहां हल्की मिट्टी है, प्रदर्शनी प्लांट लगाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार एजेंसी | 15.04.2021 | -- | -- |

dailyhunt

एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

हिसार, 15 अप्रैल (हि.स.)। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम गांवों-गांवों जाकर किसानों को जागरूक करेगी। यह फैसला पिछले साल कपास की फसल में आई बीमारियों से नष्ट हुई किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके लिए प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह के साथ हुई वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की बैठक में लंबे विचार-विमर्श के बाद एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे अब कपास की फसल की बिजाई से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष बीमारियों से नष्ट हुई फसलों की जांच-पड़ताल करने से पता चला कि जिन किसानों ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सिफारिशों अनुसार फसलों की बिजाई की थी उनकी फसल में बीमारियों का असर अन्य फसलों की तुलना में न के बराबर रहा था। इसलिए किसानों को इस बारे में जागरूक

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार एजेंसी | 15.04.2021 | -- | -- |

dailyhunt

हिन्दुस्थान समाचार
582k Followers

### हिसार:एचएयू व कृषि विभाग करेगा किसानों को जागरूक




15 Apr 2021 , 6:28 PM

एचएयू वैज्ञानिक जिले के प्रत्येक ब्लॉक में प्रदर्शनी प्लांट लगाकर देंगे टिप्स

हिसार, 15 अप्रैल (हि.स.)। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से किसानों के लिए जागरूकता

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जीवन आधार ऑनलाइन | 15.04.2021 | -- | -- |

8:55 PM 67.0KB/s 4G 40

जीवन आधार

हिसार

## एचएयू व कृषि विभाग मिलकर कपास फसल की बिजाई के लिए करेगा जागरूक

SHARE 0



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | **15.04.2021** | -- | -- |

समस्त हरियाणा

बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021

# एचएयू व ओएसजीयू मिलकर कई योजनाओं पर कार्य करेंगे : कुलपति

## ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में उत्साह के साथ शुरू हुई 'इनथ्यूज़िया' खेल प्रतियोगिता



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए 'इनथ्यूज़िया' वार्षिक इंटर स्कूल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट शुरू हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. समर सिंह मुख्यातिथि रहे जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह सिहाग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल, वाइस चांसलर प्रो. एन. पी. कौशिक, प्रो वाइस चांसलर प्रो. अजय पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

'इनथ्यूज़िया' का शुभारंभ करने के बाद मुख्यातिथि डॉ. समर सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के विकास के लिए सतत् रूप से प्रयत्नशील है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एचएयू एवं ओएसजीयू मिलकर विद्यार्थियों के हित के लिए संयुक्त रूप से कई योजनाओं पर कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि ओएसजीयू विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डीन डॉ. एन. पी. गिरी ने खेल स्पर्धाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

उद्घाटन सत्र के बाद पहले दिन फुटबॉल स्पर्धा में ओएसजीयू का विवेकानंद हाउस प्रथम एवं दयानंद हाउस द्वितीय रहा। बास्केटबॉल स्पर्धा में टैगोर हाउस विजेता एवं भगत सिंह हाउस उप विजेता रहा। योगा प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने बाजी मारी जबकि टैगोर हाउस को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष) में टैगोर हाउस का अंबुज प्रथम एवं दयानंद हाउस का हेमंत द्वितीय रहा। टेबल टेनिस (महिला) में टैगोर हाउस की इशिका प्रथम एवं दयानंद हाउस की कनिका द्वितीय रही। 100 मीटर दौड़ (पुरुष) में टैगोर हाउस का सूर्या प्रथम, दयानंद हाउस का अमन यादव द्वितीय एवं भगत सिंह हाउस का सुमित तृतीय स्थान पर रहा। 100 मीटर दौड़ (महिला) में भगत सिंह हाउस की प्रीति प्रथम, दयानंद हाउस की नैना द्वितीय एवं टैगोर हाउस की प्रीति पहल तृतीय स्थान पर रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| टुडे न्यूज हिसार | 16.04.2021 | -- | -- |

# ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में उत्साह के साथ शुरू हुई 'इनथ्यूज़िया' खेल स्पर्धा

टुडे न्यूज़ | हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए 'इनथ्यूज़िया' वार्षिक इंटर स्कूल स्पोर्टस टूर्नामेंट शुरू हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. समर सिंह मुख्यातिथि रहे जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह सिहाग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल, वाइस चांसलर प्रो. एन. पी. कौशिक, प्रो वाइस चांसलर प्रो. अजय पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

'इनथ्यूज़िया' का शुभारंभ करने के बाद मुख्यातिथि डॉ. समर सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के विकास के लिए सतत् रूप से प्रयत्नशील है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एचएयू एवं ओएसजीयू मिलकर विद्यार्थियों के हित के लिए संयुक्त रूप से कई योजनाओं पर कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि ओएसजीयू विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति विद्यार्थियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर डीन डॉ. एन. पी. गिरी ने खेल स्पर्धाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। उद्घाटन सत्र के बाद पहले दिन फुटबॉल स्पर्धा में ओएसजीयू का विवेकानंद हाउस प्रथम एवं दयानंद हाउस द्वितीय रहा। बास्केटबॉल स्पर्धा में टैगोर हाउस विजेता एवं भगत सिंह हाउस उप विजेता रहा। योगा प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने बाजी मारी जबकि टैगोर हाउस को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।


ओएसजीयू में आयोजित 'इनथ्यूज़िया' खेल टूर्नामेंट के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते ओएसजीयू के अधिकारीगण।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार न्यूज | **16.04.2021** | -- | -- |

# एचएयू व ओएसजीयू मिलकर कई योजनाओं पर कार्य करेंगे : डॉ. समर सिंह



हिसार : ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए 'इनथ्यूजिया' वार्षिक इंटर स्कूल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट शुरू हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. समर सिंह मु यातिथि रहे जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह सिहाग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान ओएसजीयू के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल, वाइस चांसलर प्रो. एन. पी. कौशिक, प्रो वाइस चांसलर प्रो. अजय पोद्दार, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

'इनथ्यूजिया' का शुभारंभ करने के बाद मु यातिथि डॉ. समर सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के विकास के लिए सतत् रूप से प्रयत्नशील है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एचएयू एवं ओएसजीयू मिलकर विद्यार्थियों के हित के लिए संयुक्त रूप से कई योजनाओं पर कार्य करेंगे।

**ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी ( ओएसजीयू ) की खेल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह**

इस अवसर पर प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि ओएसजीयू विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति विद्यार्थियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर डीन डॉ. एन. पी. गिरी ने खेल स्पर्धाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

उद्घाटन सत्र के बाद पहले दिन फुटबॉल स्पर्धा में ओएसजीयू का विवेकानंद हाउस प्रथम एवं दयानंद हाउस द्वितीय रहा। बास्केटबॉल स्पर्धा में टैगोर हाउस विजेता एवं भगत सिंह हाउस उप विजेता रहा। योगा प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस ने बाजी मारी जबकि टैगोर हाउस को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष) में टैगोर हाउस का अंबुज प्रथम एवं दयानंद हाउस का हेमंत द्वितीय रहा। टेबल टेनिस (महिला) में टैगोर हाउस की इशिका प्रथम एवं दयानंद हाउस की कनिका द्वितीय रही। 100 मीटर दौड़ (पुरुष) में टैगोर हाउस का सूर्या प्रथम, दयानंद हाउस का अमन यादव द्वितीय एवं भगत सिंह हाउस का सुमित तृतीय स्थान पर रहा।

